**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 24.09.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कला के माध्यम से क्रिएटिव इकोनॉमी को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कला को विविधता और एकता का संवाहक बताया।
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने शिपयार्ड विकास और समुद्री उद्योग को बढ़ावा देने के लिए लगभग सत्तर हजार करोड़ रूपये के जहाज़ निर्माण पैकेज को मंजूरी दी।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान को मिली जबरजस्त सफलता। अभियान के सातवें दिन बारह हजार से अधिक परिवार हुए लाभान्वित।
- श्री विजयपुरम में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देने के लिए भाजपा करेगी रक्तदान शिविर का आयोजन।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित चौंसठवीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के पुरस्कार समारोह में कहा कि कला समाज को संवेदनशील बनाने और सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने भारतीय कला की निरंतर विकासशील प्रकृति की सराहना की और कलाकारों की कलाकृतियों की बिक्री को बढ़ावा देने पर प्रसन्नता व्यक्त की। राष्ट्रपति ने कला प्रेमियों से अपील की कि वे केवल कलाकृतियों की सराहना न करें, बल्कि उन्हें अपने घरों में भी ले जाएं, जिससे कलाकारों को आर्थिक संबल मिलेगा और भारत की क्रिएटिव इकॉनमी को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि कला और रचनात्मकता राष्ट्र की पहचान को दर्शाती हैं और विभिन्न भाषाओं, परंपराओं और पीढ़ियों को जोड़ने का कार्य करती हैं।

<><><><><><><>

वस्तु और सेवा कर – जीएसटी में लागू किए गए अगली पीढ़ी के सुधार, देश में अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। नई कर दरें इस महीने की बाईस तारीख से लागू हो चुकी हैं। नए ढांचे के अंतर्गत पहले की पांच, बारह, अठारह और अटठाईस प्रतिशत की चार–स्तरीय कर संरचना को सरल बनाकर अब पांच प्रतिशत और अटठारह प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया गया है। वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करने वाले ये सुधार लोगों को काफी राहत दे रहे हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के जहाज निर्माण और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए उनहत्तर हजार सात सौ पच्चीस करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह पैकेज घरेलू क्षमता, दीर्घकालिक वित्तपोषण, और शिपयार्ड विकास को बढ़ावा देगा। इसमें जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना को दो हजार छत्तीस तक बढ़ाया जाएगा और एक राष्ट्रीय जहाज निर्माण मिशन भी स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा, मंत्रिमंडल ने दस दशमलव नौ एक लाख रेल कर्मचारियों को एक हजार आठ सौ पैंसठ करोड़ रुपये का उत्पादकता लिंक्ड बोनस देने की मंजूरी दी। श्री वैष्णव ने यह भी बताया कि दो हजार दो सौ सतहत्तर करोड़ रुपये के साथ, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर)/सी.एस.आई.आर द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में शोध क्षमता में वृद्धि की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए पांच हजार पी जी और पांच हजार तेईस एम बी बी एस सीटों के विस्तार को भी मंजूरी दी गई।

<><><><><><><>

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में अब तक बारह हजार दो सौ चौदह से अधिक लाभार्थियों ने इस अभियान के तहत विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया है। यह अभियान सत्रह सितंबर को शुरू हुआ था और इसका उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य और परिवार की भलाई को मजबूत करना है। अभियान के सातवें दिन स्वास्थ्य विभाग, आयुष और सामाज कल्याण विभाग के सहयोग से पूरे द्वीपसमूह में स्वास्थ्य देखभाल और सामुदायिक भलाई के लिए कई प्रभावी गतिविधियां आयोजित की गईं। इसमें चीनी और तेल के सेवन को कम करने, पिता की पोषण शपथ, आभा और अपार आई डी निर्माण पर जागरूकता अभियान, और "वोकल फॉर लोकल" के तहत स्थानीय व्यंजनों और डी आई वाई खिलौने बनाने को बढ़ावा दिया गया।

<><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर श्री विजयपुरम् स्थित भाजपा कार्यालय के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन में कल सुबह नौ बजे से शुरू होगा। इस अभियान से लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा जिससे अधिक संख्या में द्वीपवासी रक्तदान में भाग ले सकें।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के समाज कल्याण निदेशालय ने "खिलौने दान करें, खुशियाँ फैलाएँ" पहल की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा को समृद्ध करना है। समाज कल्याण निदेशक ने इस अभियान के महत्व को बताया और लोगों से सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाले खिलौने दान करने की अपील की। खिलौने दान के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों, जिला परिषद कार्यालय, सी डी पी ओ कार्यालय और बम्बूफ्लाट स्थित "विथ यू" एन.जी.ओ कार्यालय में सुबह नौ से एक बजे तक स्वागत किया जाएगा। यह अभियान बच्चों के समग्र विकास और उनकी खुशियों को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। इस पहल का समन्वय "विथ यू" एन.जी.ओ की अध्यक्षा वी.के. मरियम बीबी और उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है।

<><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने द्वीपसमूह में बत्तखों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर बत्तख विकास योजना शुरू की है। सी.पी.डी.ओ से अब तक तेरह हजार बत्तखों के अंडे प्राप्त हुए हैं, जिनसे सात हजार बत्तखों के बच्चे तैयार हो चुके हैं और किसानों को वितरित किए गए हैं। इस पहल से बत्तख पालन क्षेत्र में महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला है। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में, ए.आर.सी.एस सर्कल चतुर्थ ने ब्रुकशाबाद में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सी.आर.सी की निदेशक सुमिता मोल और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया और तीन पौधे लगाए गए।

<><><><><><>